www.amritvichar.com

## सुविचार



सपना वह नहीं होता जो आप नींद में देखते हैं, यह तो कुछ ऐसी चीज है जो आपको सोने नहीं देती है। - एपीजे अब्दुल कलाम


# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, शुक्रवार, 6 मार्च 2026


### बरेली के प्रमुख समाचार


- बेपरवाही : कबाड़ हुए यात्री शेड, बैठने और न खड़े होने की व्यवस्था-II
- होली मिलाप मेला में गले मिलकर दिया भाईचारे का संदेश-III
- पुलिस वालों की होली में जमकर थिरके एसएसपी, लगे ठुमके -IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शुक्रवार शाम | शनिवार सुबह |
| सुन्नी : 6:20 | सुन्नी : 5:09 |
| शिया : 6:28 | शिया : 5:00 |

## सिटी ब्रीफ

### स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 9 को

**बरेली, अमृत विचार :** अयोध्या में स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 17 से 24 मार्च तक होगा। इसके लिए बरेली मंडल टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। बरेली की टीम के जिला स्तरीय ट्रायल 9 और मंडल स्तरीय ट्रायल 10 मार्च को दोपहर 2 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम में होंगे। फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मून रौबिन्सन ने बताया कि खिलाड़ियों को ट्रायल में प्रतिभाग करना अनिवार्य है।

## शहर में आज

- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- रोटरी मंडल 3110 बरेली का होली मिलन समारोह ग्लोब फ्लोर मिल परसाखेड़ा में रात 8 बजे।
- वरिष्ठ नागरिक कल्याण सेवा समिति की ओर से होली मिलन एवं फाग महोत्सव कैम्ब्रिज स्कूल सभागार में सुबह 11 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 से 1:30 बजे तक।

### जीत का जश्न



टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में टीम इंडिया की जीत पर सुभाषनगर में अतिशबाजी कर खुशी मनाते क्रिकेट प्रेमी।( संबंधित खबर पेज IV)। ● अमृत विचार

# एससीआईमैगो इंस्टट्यूशिंस रैंकिंग में विश्वविद्यालय का प्रदेश में पांचवां स्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर की प्रतिष्ठित एससीआईमैगो इंस्टट्यिशंस रैंकिंग में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी शैक्षणिक एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय ने प्रदेश में 5 वां और देश में 274 वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर 8813 वीं रैंक प्राप्त की है।

एससीआईमैगो इंस्टट्यूशिंस रैंकिंग 2026 में पर्सेंटाइल स्कोर में रुविवि का ओवरऑल पर्सेंटाइल में 82 वां स्थान रहा। शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने 71 वां, नवाचार के क्षेत्र में 89 वां व सामाजिक



- देश में 274 वां स्थान, शैक्षणिक एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया

प्रभाव के क्षेत्र में 59 वां पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि सभी शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम का परिणाम है। यह उपलब्धि हमें उच्च गुणवत्ता वाले शोध, समाजोन्मुखी गतिविधियों को और अधिक गति देने के लिए प्रेरित करती है।

### इस तरह से होता है आकलन

एससीआईमैगो इंस्टट्यिशंस रैंकिंग विश्वभर के शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों का मूल्यांकन एक समेकित सूचकांक के आधार पर करती है। इसमें रिसर्च को 50, नवाचार को 30 और सामाजिक प्रभाव को 20 प्रतिशत जैसे प्रमुख मानकों को शामिल किया जाता है। यह मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त बिब्लियोमेट्रिक डेटा और वेब परफॉर्मेंस संकेतकों के आधार पर किया जाता है, जिससे संस्थानों की वास्तविक शैक्षणिक और सामाजिक प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके।

# बरेली में बनेगा औद्योगिक गलियारा, हजार हेक्टेयर भूमि की तलाश

## सुचारू आवागमन को प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग के आसपास जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली जनपद में औद्योगिक विकास की कवायद शुरू हो गयी है। जनपद में एक हजार हेक्टेयर भूमि पर औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए मंजूरी मिली है। यह औद्योगिक गलियारा निर्माणाधीन, प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर बनाया जाएगा, जहां से औद्योगिक क्षेत्र के लिए आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार का पत्र डीएम के पास पहुंचने के बाद भूमि की तलाश





शुरू हो गयी है।

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए शासन के निर्देश पर यूपीडा वर्तमान में 42 जनपदों में औद्योगिक गलियारा विकसित कराने के लिए प्रयासरत है। निवेशकों की अभिरुचि के मद्देनजर बरेली सहित अन्य जनपदों में भी औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाना है। औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिए करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि का अर्जन कई मानकों को ध्यान में रखते किया जाना है। भूमि निर्मित/निर्माणाधीन या प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग या अन्य ऐसे मार्ग पर स्थित होनी चाहिए जिससे औद्योगिक क्षेत्र से आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

औद्योगिक गलियारे के लिए चिह्नित की जाने वाली भूमि जलभराव या जल मग्न वाली नहीं होनी चाहिए। भूमि आबादी में न हो ताकि सुविधाजनक तरीके से क्रय/अर्जन की जा सके। भूमि नहर या हाईटेंशन लाइन क्षेत्र में न हो। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएम से औद्योगिक गलियारा के लिए भूमि का चिन्हांकन कराते हुए राजस्व मानचित्र पर स्पष्ट बाह्य सीमा प्रदर्शित करते हुए मानचित्र की प्रति सहित विवरण भेजने के लिए आग्रह किया है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह ने भूमि चिह्नित करने के लिए एसडीएम सदर, बहेड़ी, नवाबगंज, फरीदपुर, आंवला और मीरगंज को पत्र जारी कर दिया है।

- यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा - भूमि का चिन्हांकन कराकर विवरण उपलब्ध कराएं
- विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने जनपद के सभी एसडीएम को भूमि चिह्नित करने के लिए पत्र लिखा

### क्या है औद्योगिक गलियारा

औद्योगिक गलियारा एक ऐसा नियोजित क्षेत्र होता है, जहां सड़कों, रेलमार्गों और हवाई अड्डों के सुदृढ़ नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख विनिर्माण केंद्रों को जोड़ा जाता है। यह बुनियादी ढांचे पर आधारित एक ''रेखिक'' आर्थिक विकास क्षेत्र है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स लागत कम करने, औद्योगीकरण को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करना है। एकीकृत बुनियादी ढांचा में औद्योगिक क्लस्टर, स्मार्ट सिटी, लॉजिस्टिक पार्क और टाउनशिप शामिल की जाती हैं जो विश्व स्तरीय परिवहन से जुड़े होते हैं।

### इन जनपदों में पहले से प्रस्तावित हैं औद्योगिक गलियारा

– बदायूं, शाहजहांपुर, मैनपुरी, गाजियाबाद, बुलंदशहर, जौनपुर, भदोही, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, मुजफ्फरनगर, लखनऊ, हरदोई, हमीरपुर, औरैया, उन्नाव, मेरठ, हापुड़, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, संभल, चित्रकूट, अमरोहा, कन्नौज, प्रयागराज, बांदा, महोबा, जालौन, फिरोजाबाद, इटावा, बाराबंकी, अमेठी, गाजीपुर, अंबेडकरनगर, गोरखपुर, सहारनपुर, बागपत, हाथरस, बहराइच।

# होली पर बसें खाली, रोडवेज की उम्मीदों पर जोरदार झटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सैटेलाइट और पुराना बस अड्डे पर भीड़ की जगह खामोशी ने बढ़ाई अफसरों की टेंशन
- लंबी दूरी और लोकल रूट की सवारियां तक नहीं, दो से तीन दिन में बढ़ने की संभावना

**अमृत विचार :** होली को लेकर रोडवेज अधिकारियों ने यात्रियों की बढ़ती संख्या की उम्मीद में विशेष तैयारियां की थीं, लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह उलट रही। सैटेलाइट और पुराने बस अड्डों पर होली से एक दिन पहले और होली के अगले दिन भी यात्रियों की संख्या बेहद कम रही। लंबी दूरी और स्थानीय रूटों की कई बसें निर्धारित समय पर रवाना तो हुईं, लेकिन सीटें लगभग खाली नजर आईं। कई बसों में यात्री गिनती भर ही थे, जबकि आमतौर पर इस समय यात्रियों की भीड़ देखने को मिलती है।

परिवहन निगम के अधिकारी अनुमान लगा रहे थे कि दूसरे जिलों और राज्यों में काम करने वाले लोग होली से एक दिन पहले देर रात तक शहर पहुंचेंगे और बस अड्डों पर भीड़ रहेगी। इसी को देखते हुए 150 बसों के फेरे बढ़ाने की व्यवस्था की थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। त्योहार के दिन और उसके अगले दिन भी बस अड्डों पर यात्रियों का टोटा ही दिखाई दिया। सैटेलाइट और पुराने बस अड्डे पर टिकट काउंटरों पर भी सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम भीड़ रही। परिवहन कर्मियों के अनुसार होली जैसे बड़े त्योहार के दौरान कई बार लोग अपने घरों में ही रहना पसंद करते हैं, जिसके कारण यात्रा कम हो जाती है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से भी सफर करते हैं, जिससे रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या घट जाती है।

इधर, खासबात यह रही कि दिल्ली, लखनऊ और आगरा समेत लंबी दूरी के रूटों के साथ-साथ स्थानीय रूटों की बसों में भी यात्रियों का टोटो देखने को मिला। गुरुवार को कई बसें गिनी चुनी सवारियों के साथ रवाना हुईं। यात्रियों की कमी का सीधा असर रोडवेज की आय पर भी पड़ा है। आरएम दीपक चौधरी का कहना कि यह स्थिति अस्थायी है। एक से दो दिन में यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। जैसे-जैसे लोग अपने कार्यस्थलों और दूसरे शहरों की ओर लौटेंगे, बसों में भीड़ बढ़ेगी। फिलहाल परिवहन निगम की ओर से सभी प्रमुख रूटों पर बसों का संचालन जारी रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो।



सैटेलाइट बस अड्डे पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार



बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

### छुट्टियां रद्द, प्रोत्साहन योजना लागू

होली के त्योहार को देखते हुए शासन की ओर से रोडवेज के चालक, परिचालक और अन्य कर्मचारियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। यह योजना नौ मार्च तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत त्योहार के दौरान अधिकतम फेरे लगाने और निर्धारित लक्ष्य के अनुसार संचालन करने वाले चालक और परिचालकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य त्योहार के दौरान बसों का संचालन सुचारु बनाए रखना और कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही बसों की उपलब्धता बढ़ाने और यात्रियों को समय पर सुविधा देने पर भी जोर दिया जा रहा है।

# रंग खेलने को भरपूर मिला पानी, कंट्रोल रूम रहा सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम की पहले से की गई तैयारी से होली पर मिली लोगों को राहत

**अमृत विचार :** होली पर शहरवासियों को पानी की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ा। नगर निगम के जलकल विभाग ने पूरे दिन जलापूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाए रखा। कंट्रोल रूम लगातार सक्रिय रहा और अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए रहे। विभिन्न इलाकों से मिली छोटी-मोटी समस्याओं पर तुरंत टीमों को भेजकर समाधान कराया गया।

नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि होली पर पानी की खपत सामान्य दिनों की तुलना में काफी अधिक होती है। इसे ध्यान में रखते हुए जलकल विभाग ने पहले ही विशेष कार्ययोजना तैयार कर ली थी। शहर की मुख्य पाइप लाइनों में 18 से 20 घंटे पर्याप्त प्रेशर के साथ जलापूर्ति सुनिश्चित की गई, ताकि हर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित न हो। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए नगर निगम ने शहर को जोनवार बांटकर टीमों की तैनाती की थी। तीन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति के लिए पानी के टैंकर रिजर्व में रखे थे, ताकि जरूरत पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत पानी पहुंचाया जा सके। जिन स्थानों पर ओवरहेड टैंक हैं, वहां कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। कंट्रोल रूम पर किसी मोहल्ले में पानी का प्रेशर कम, कहीं तय समय पर पानी सप्लाई थोड़ी देर से आना और किसी गली में पानी कुछ समय के लिए बंद हो जाने से जुड़ी शिकायतें पहुंचीं।



# टैक्स न चुकाने वाले बड़े बकायेदारों के लिए कोई रियायत नहीं, होगी सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम का संपत्ति कर विभाग होली के बाद अब बकायादारों पर शिकंजा कसने जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 112 करोड़ रुपये गृहकर वसूली का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब तक केवल 68 करोड़ रुपये ही वसूल किए जा सके हैं। वित्त वर्ष में केवल एक महीने शेष होने के कारण निगम ने एक लाख रुपये से अधिक बकाया रखने वाले भवन मालिकों की सूची तैयार कर कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है। जोन-वार सभी राजस्व निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है कि वे बकायादारों के भवनों की सीलिंग और कुर्की समेत अन्य जरूरी कदम उठाएं और हर दिन की रिपोर्ट नगर निगम को भेजें।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी के अनुसार, हाउस टैक्स बकायादारों को पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। उनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इस वित्त वर्ष में अब तक 60 हजार से अधिक भवन मालिकों से गृहकर की वसूली की जा चुकी है। सभी कर निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह कार्रवाई में तेजी लाएं और बकाया राशि वसूलने में किसी तरह की ढिलाई न बरतें। कहा कि इस बार विशेष रूप से उन बकायादारों पर फोकस किया है, जिनका बकाया अधिक है और जिनकी संपत्तियों की कुर्की या सीलिंग से वसूली की संभावना ज्यादा है। यह भी बताया कि राजस्व विभाग की ओर से शीघ्र ही दुकानों के लाइसेंस और किराए वसूली के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान से न केवल बकायादारों पर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि निगम की आय भी बढ़ेगी।





- चालू वित्तीय वर्ष का 112 करोड़ का लक्ष्य पूरा न होने पर निगम ने बनाई कार्ययोजना
- एक लाख से अधिक के हाउस टैक्स बकाये वाले आएंगे कार्रवाई की जद में

राहत | फ्लाइट संचालन का शेड्यूल बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के पास पहुंचा

# बरेली से नवी मुंबई के लिए 30 से शुरू होगी फ्लाइट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को फ्लाइट होगी संचालित
- शनिवार को बेंगलुरू और नवी मुंबई दोनों फ्लाइटों का संचालन होगा

**अमृत विचार :** बरेलियंस के लिए होली पर बड़ा तोहफा मिला है। जिस नवी मुंबई फ्लाइट के लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, अब उसका इंतजार जल्द समाप्त हो जाएगा। 30 मार्च से बरेली से नवी मुंबई फ्लाइट का संचालन शुरू हो जाएगा। फ्लाइट संचालन का शेड्यूल बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के पास पहुंच गया है। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को यह फ्लाइट संचालित होगी, जबकि शनिवार को बेंगलुरू फ्लाइट संचालित होगी।

बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि नवी मुंबई फ्लाइट संचालन के लिए शेड्यूल प्राप्त हो गया है। नवी मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरकर फ्लाइट दोपहर 1.35 बजे बरेली एयरपोर्ट पर लैंड होगी। करीब 45 मिनट रुकने के बाद फ्लाइट 2.20 बजे बरेली एयरपोर्ट से नवी मुंबई के लिए उड़ान भरेगी। उन्होंने बताया कि मुंबई फ्लाइट का संचालन कुछ समय के लिए रोककर नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू की जा रही है। अभी तक मुंबई के लिए फ्लाइट रविवार, सोमवार, बुधवार, शुक्रवार है, लेकिन 30 मार्च से नवी मुंबई के लिए शुरू होने वाली फ्लाइट रविवार को नहीं जाएगी। 30 मार्च से रविवार के लिए बरेली से कोई फ्लाइट संचालित नहीं होगी।

हालांकि शनिवार को दो फ्लाइट हो जाएंगी। नवी मुंबई के साथ बेंगलुरू फ्लाइट भी संचालित होगी। बेंगलुरू फ्लाइट अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही 2.20 बजे बरेली पहुंचेगी और 45 मिनट के बाद उड़ान भरेगी। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट हाल ही में चालू हुआ है। नवी मुंबई के लिए 186 सीटर एयरबस उड़ान भरेगी।





### अपनों संग होली मनाने का माध्यम बना सिविल एन्क्लेव बरेली, आसान हुआ सफर

एयरपोर्ट शुरू होने से पहले होली, दिवाली समेत अन्य त्योहारों पर लोग बेंगलुरू और मुंबई से अपने घरों पर नहीं आ पाते थे। समय ज्यादा खर्च होने और छुट्टियां ज्यादा नहीं मिलने की वजह से अपनों के बीच खुशियां बांटने की तमन्ना दिलों में दबी रह जाती थी, लेकिन चार साल से मुंबई और बेंगलुरू और वहां आसपास के शहरों में रहने वाले लोग त्योहारों पर घर आकर अपनों के बीच खुशियां बांट रहे हैं। बरेली एयरपोर्ट सैकड़ों लोगों को अपनों से मिलाने का माध्यम बना हुआ है। गुरुवार को बेंगलुरू फ्लाइट से बरेली 187 यात्री आए और 193 यात्री बरेली से बेंगलुरू के लिए रवाना हुए। इससे पहले रविवार को 216 यात्री आए और 197 यात्री बरेली से गए थे। पिछले पांच दिनों में डेढ़ हजार से ज्यादा यात्री बरेली आना-जाना कर चुके हैं।

## सिटी ब्रीफ

### महिला को घर से निकालकर पति ने किया दूसरा विवाह

**बरेली, अमृत विचार** :बारादरी थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी रोड निवासी सुहानी गुप्ता ने बताया कि उसका विवाह 28 जून 2020 को नितीश गुप्ता उर्फ डोलू के साथ हुआ था। महिला ने बताया कि उसके मायके वालों ने सामान के अलावा सोने चांदी के जेवरात और 3 .50 लाख रुपये का कैश दिया था। शादी में कुल 7 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि इसके बाद भी ससुराल के लोग शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे और उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया। उसने इस संबंध में बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोर्ट में मामला विचाराधीन है। पति ने अप्रैल 2025 को किसी अन्य महिला से विवाह कर लिया। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने बदायूं के उसावां थाना क्षेत्र के नवीगंज गांव निवासी नितीश गुप्ता उर्फ डोलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला को पीटकर पति के तोड़े दांत, रिपोर्ट

**कैंट/ बरेली, अमृत विचार** : ढिरिया निजावत खां वार्ड नंबर 7 निवासी रिजवाना पत्नी दिलशाद ने बताया, कि 3 मार्च की रात नौ बजे वह अपनी जगह में दरवाजा लगवा रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले निसार, इसरार, इमरान उर्फ राजा तथा रिजवान ने दरवाजा लगवाने का विरोध करते हुए गाली गलौज की। इसका विरोध करने पर दबंगों ने महिला को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। चीखना सुनकर बचाने आए पति दिलशाद व जेठ अबरार पर भी दबंगों ने हथौड़ा निकाल कर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे महिला के पति दिलशाद के तीन दांत टूट गए तथा महिला तथा उसका जेठ भी गंभीर घायल हो गए। मारपीट के दौरान महिला के सोने के कुंडल गिर गए। काफी खोजने पर भी नहीं मिले। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में घुसकर मारपीट की, रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी/ बरेली, अमृत विचार** :गांव पिंदारी अशोक में एक शख्स के घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।जानकारी के मुताबिक गांव पिंदारी अशोक के ओमकार ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही 4 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ भी मारपीट की। ओमकार के मुताबिक शोर शराबा सुनकर लोग इकट्ठा हो गए,जिस पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।

# बेपरवाही : कबाड़ हुए यात्री शेड, बैठने और न खड़े होने की व्यवस्था

## नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के प्रयास से तैयार यात्री शेड अनदेखी की वजह से खराब हालत में पहुंच गए यात्री शेड, यात्री हो रहे परेशान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



दामोदर स्वरूप पार्क के सामने जर्जर यात्री शेड पर यात्रियों के बैठने की नहीं है व्यवस्था। ● अमृत विचार



प्रभा टाकिज के बाहर बनाए गए यात्रीशेड में लोग लेटे रहते हैं। बैठने को लेकर अक्सर लड़ाई होती है। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : राहगीरों को बस या अन्य वाहनों का इंतजार करते समय धूप, बारिश और ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए ज्यादातर यात्री शेड कबाड़ बन गए। उनमें न बैठने की व्यवस्था रही और न खड़े होने की। यात्री शेड में बैठने के लिए एंगल की जो सीटें बनी थीं, वे गायब हो गयी हैं। कई यात्री शेड में एंगल तक गायब है। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में राहगीरों को सवारियों का इंतजार करने के साथ धूप से बचाव करने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। स्मार्ट सिटी में कई करोड़ रुपये खर्च किए गए लेकिन यात्री शेड की स्थिति सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए हैं।

शहर के प्रमुख चौराहे चौकी चौराहे के आसपास यात्री शेड बने हैं। पुलिस चौकी के नजदीक बना यात्री शेड कबाड़ बन चुका है। यही स्थिति रतनदीप कॉम्प्लेक्स के सामने बने यात्री शेड की है, जबकि यहां पर दिनभर बड़ी संख्या में लोग सवारियों के इंतजार में खड़े रहते हैं। यहां के यात्री शेड कई माह से कबाड़ बने हुए हैं। बटलर प्लाजा के पास चर्च की दीवार से बने यात्री शेड पर दिनभर कब्जा रहता है। यहां पर खाने की ठेली लगाने वाले लोगों को खाना खिलवाते हैं इस वजह से राहगीरों को इसका लाभ नहीं मिलता है। विकास भवन रोड पर यात्री शेड बना है, वह भी अच्छी स्थिति में नहीं है। स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास बने

- **चौकी चौराहा, पवन विहार गेट, स्टेडियम रोड आदि स्थानों के यात्री शेड के एंगल ही गायब**
- **कई यात्री शेड ठेले और खोमचे वालों के कब्जे में, यात्रियों को भटकना पड़ रहा इधर-उधर**

यात्री शेड के एंगल गायब हो गए हैं। राहगीरों के लिए बैठने की जगह नहीं है।

इसी तरह डेलापीर चौराहे के पेट्रोल पंप के पास बना यात्री शेड कबाड़ बनने के बाद हटा दिया गया, यहां भी लोग परेशान होते हैं। पीलीभीत रोड पर कई यात्री शेड बने हुए हैं। उनकी भी हालत ठीक नहीं है। पवन विहार के गेट पर बने यात्रीशेड में बैठने के लिए लगाए एंगल गायब हैं।

वहां खड़े होने की स्थिति भी नहीं है। गंदगी फैली रहती है। कुछ माह पहले तक यात्री शेड की स्थिति ठीक थी। सेटेलाइट के पास यात्री शेड पर रेहड़ी वालों का कब्जा रहता है। या फिर टेंपो वाले बैठे रहते हैं। टेंपो आगे खड़े होने से राहगीरों को उसका लाभ नहीं मिल पाता है। शहर में कई अन्य स्थानों पर भी ये बने हुए हैं लेकिन ज्यादातर खराब हालत में हैं। नगर निगम के अधिकारी या जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



चौकी चौराहे पर पुलिस चौकी के बाहर जर्जर स्थिति में यात्रीशेड। ● अमृत विचार

# फंदे पर लटका मिला कारोबारी का शव

**संवाददाता, हाफिजगंज/बरेली**

**अमृत विचार** : टेंट कारोबारी का शव बुधवार की देर शाम उसकी मार्केट के बाहर बनी टीन शेड में फंदे से लटकता मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सीओ और इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। परिजनों ने हत्या के बाद शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को देर शाम आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।



हरपाल (फाइल फोटो)

हाफिजगंज क्षेत्र के गांव उदरनपुर निवासी हरपाल मौर्य (32) का शव उसकी अपनी मौर्य मार्केट के टीन शेड में लटका हुआ मिला। मृतक के परिजनों के अनुसार हरपाल मौर्य बुधवार की शाम करीब छह बजे रोज की तरह हाईवे किनारे बनी अपनी मार्केट में सोने के लिए गए थे। कुछ देर बाद जब वह वहां पहुंचे तो देखा कि उनका हरपाल का शव टीन शेड में लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी नवाबगंज और कोतवाल हाफिजगंज प्रवीण सोलंकी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस को कमरे में अधबना मीट रखा मिला, जो सील कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार को देर रात पोस्टमार्टम में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।



विलाप करते व्यापारी के परिजन और मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

### हत्या कर शव लटकाने का आरोप

मृतक के पिता केसरी लाल ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को टीनशेड में लटका दिया है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक हरपाल मौर्य अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी देवी, बेटी कोमल और बेटा रचित को छोड़ गए हैं। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

- **हाईवे किनारे बनी दुकानों के बाहर टीन शेड में मिला शव**
- **पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, रिपोर्ट में आया हैंगिंग**

> शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। मामले में आत्महत्या के कारणों की जांच कराई जा रही है।
>
> **प्रवीण सोलंकी, इंस्पेक्टर हाफिजगंज**

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत दो लोग घायल

**बरेली, अमृत विचार** : नवाबगंज क्षेत्र में होली के दिन दो बाइकें आपस में टकरा गईं। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

- **नवाबगंज क्षेत्र में कुंडरिया मोड़ पर हुआ हादसा**

नवाबगंज थाना क्षेत्र में बुधवार को होली खेलने जा रहे दो भाइयों की बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। हादसे में बड़े भाई बबलू की मौत हो गई। छोटा भाई हेम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं, दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया। हादसा कुंडरिया मोड़ पर हुआ। पुलिस और परिजनों ने घायलों का महानगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे से मृतक के परिवार में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं।

# दो गुटों में विवाद के बाद गांव में तनाव

**कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज**

**अमृत विचार** : होली के हुड़दंड में दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस दोनों पक्षों की तरफ से 17 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव बहजुइया जागीर में बुधवार दोपहर दो गुटों में विवाद होने के बाद तनाव हो गया। पहले पक्ष के गांव निवासी राजपाल के मुताबिक करीब दो बजे उनके बेटे दीपक, सुमित, प्रदीप गांव में होली खेलकर वापस घर लौट रहे थे। गांव के नूतन, आशु, दीपक , नरेंद्र , मुकेश , विवेक , उमेश , सोनू , रोहित शराब पीए हुए थे। आरोप है कि ये लोग उनके बेटों को देख कर गाली गलौज करने करने। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। विरोध किया तो बेटों को लाठी डंडों से पीटा। जिससे वे घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष के नूतन के मुताबिक बुधवार दोपहर दिनेश, सुमित, बंटू, अनमोल , प्रदीप, सोनू, विमल व कुछ अज्ञात लोग लाठी डंडों लेकर घर के सामने गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो उसकी ब उनके बेटे दीपक आदि की जमकर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, घटना के बाद गांव में तनाव होने के बाद पुलिस तैनात कर दी गई है।

### घर में घुसकर मारपीट में कई घायल

**बरेली/आंवला, अमृत विचार** :पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट की। इससे कई लोग घायल हो गये हैं। पीड़ित नेपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवा शाम आरोपी ओमवीर ने अपनी मोटरसाइकिल से उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। उसी रंजिश में रात 8 बजे ओमवीर, हरजीत, मनीष, बंटू, अजयपाल व अन्य लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

# पटाखा साइलेंसर बजाने के विरोध पर मारपीट, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार**ः इज्जतनगर क्षेत्र में पटाखा साइलेंसर बजाने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट की गई। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 6 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के माहोनिया गांव निवासी माखन लान ने बताया कि बुधवार को वह अपनी दुकान पर छोटे भाई की पत्नी मुन्नी देवी और रामजीत, कालीचरन के साथ बैठे हुए थे। तभी बाइक से सचिन व अंकुश अपने घर की तरफ से आए। वह बाइक पर पटाखा साइलेंसर लगाकर फायरिंग की आवाज निकल रहे थे। मना करने पर आरोपी गाली गलौज करने लगे। उसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोप है कि थोड़ी देर बाद सचिन, अंकुश, धीरा, पालु, अर्जुन, कुंवरपाल लाठी-डंडे लेकर आ धमके। उसके बाद सभी बुरी तरह से मारपीट करके फरार हो गए। इज्जतनगर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पंख वाले घोड़े का स्टेच्यू



सेठ दामोदर स्वरूप पार्क के पास तिराहे पर बनी रोटरी पर लगा पंख वाले घोड़ों का स्टेच्यू। ● अमृत विचार

# चाकू से रेता युवक का गला, गंभीर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कुछ लोगों ने एक युवक का गला चाकू से रेत दिया। उसके बाद आरोपी युवक को मरा समझ कर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर युवक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



घायल।

बारादरी थाना क्षेत्र के काली बाड़ी निवासी हर्ष पाल ने बताया कि उसके 24 वर्षीय साले अभिषेक के साथ गुरुवार की रात कुछ लोगों ने मारपीट की।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **बारादरी थाना क्षेत्र की घटना जांच में जुटी पुलिस**

उसके बाद उसके गले पर चाकू से प्रहार कर दिया। साले पर जिन लोगों के हमला किया है, उनके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। सूचना मिलने पर बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि युवक पर चाकू से हमला किया गया है, उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिल गई है।

# तमंचे के साथ मनाई होली, वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार** : होली के मौके पर एक युवक ने युवती के साथ तमंचे के साथ होली का त्योहार मनाया। वीडियो में फिल्मी गीत की धुन पर युवक तमंचा लहरा रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में युवक युवती के साथ नजर आ रहा है। वीडियो में गाना लगाया गया है की चांदनी रात में लेकर दो नाली हाथ में, ढूंढे पुलिस तो आऊंगा आधी रात में। वायरल वीडियो में युवक-युवती के कनपटी पर तमंचा लगा रहा है।



वायरल फुटेज।

- **बारादरी थाना क्षेत्र का मामला आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

वायरल हुआ वीडियो बारादरी थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो के आधार पर बारादरी पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : इज्ज्तनगर थाना क्षेत्र के बन्नूवाल नगर क्षेत्र के तुलाशेरपुर में बंद मकान के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

इज्ज्तनगर थाना क्षेत्र के बन्नूवाल नगर के तुलाशेरपुर निवासी रजनीश कुमार ने बताया कि वह निजी काम से 3 मार्च को मकान में ताला लगाकर रिश्तेदारी में गया था। पड़ोसी ने 4 मार्च को कॉल करके सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। उसने घर पर मौके पर जाकर देखा तो कमरे की कुंडी काटकर चोर सेफ से 20 हजार का कैश और लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हो गए।

**गोदाम से बाइक समेत लाखों का सामान चोरी** : थाना कैंट क्षेत्र में स्थित निजी कंपनी के गोदाम से बीती रात चोर लाखों रुपये का सामान व बाइक चुराकर ले गए। गोदाम के मैनेजर ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिला संभल के थाना चंदौसी, पुलिस चौकी के पीछे स्थित कैथल गेट निवासी शिवकुमार मिश्रा एनसीएमएल कंपनी के प्रबंधक ने बताया, कि कंपनी का गोदाम गांव हरदुआ में है। बीती रात गोदाम से चोर चार इनवर्टर की बैटरी, तीन कंप्यूटर मॉनिटर आदि सामान चुराकर ले गए।

### चोर डेढ़ लाख की सिगरेट-नकदी चुराकर ले गए

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जत नगर थाना क्षेत्र के बड़ी विहारमान नगला निवासी बाबूराम ने गुरुवार को इज्जत नगर थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी छोटी विहार में गौरव किराना स्टोर के नाम से दुकान है। 3 फरवरी की रात करीब 2 :00 बजे पीछे मार्केट के जीने के रास्ते छत पर चढ़ गए। उसके बाद चोरों ने दरवाजे को ठोक पीट कर खोल लिया। तहरीर में बताया गया कि चोर दुकान के गल्ले में रखे तीस हजार नकद और 1.20 लाख रुपये की सिगरेट चोरी करके ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाबूराम गुरुवार की सुबह दुकान पर पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। उन्होंने इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# शराब पीने से मना करने पर दलित युवक को मारी गोली

**संवाद दाता,नवाबगंज/बरेली**

**अमृत विचार** :होली की रात एक दलित युवक पर दबंग ने गोली मार दी । आरोप है कि शराब पीने से मना करने पर आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी रामबाबू मंगलवार रात होली के दौरान गांव के बाहर श्मशान भूमि के पास बनी पुलिया के पास खड़े थे। इसी दौरान गांव का ही हरिशंकर उर्फ गुड्डा कार से वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने रामबाबू पर शराब पीने का दबाव बनाया। रामबाबू के मना करने पर आरोपी भड़क गया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। गोली रामबाबू के दाहिने पैर में लगी, जिससे वह मौके पर ही गिरकर घायल हो गए आरोपी हरिशंकर उर्फ गुड्डा गोली मारकर फरार हो गया । घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# होली खेल रहे परिवार पर ईट-पत्थर व कांच के गिलास से हमला

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : होली खेल रहे परिवार पर कुछ लोगों ने ईंट पत्थर व कांच के गिलास से हमला कर दिया। इसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सुभाष नगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाष नगर थाना क्षेत्र के होरा अस्पताल के पास रहने वाली नर्मदा गुप्ता ने बताया उनके परिवार के कुछ लोग प्लाट को लेकर रंजिश रखते हैं। वह बुधवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे अपने घर में बच्चों के साथ आपस में होली खेल रही थी। आरोप है कि युवराज, मयंक और सौरभ गुप्ता समेत अन्य अज्ञात लोगों ने अपनी छत से नीचे होली खेलते समय उन पर और बच्चों पर ईंट पत्थर व कांच के गिलास से हमला कर दिया। महिला ने फोन करके अपने पति को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे महिला के पति कमल गुप्ता ने आरोपियों को समझने का प्रयास किया तो उन्होंने अन्य लोगों को बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद सभी लोग एकराय होकर हाथों में खतरनाक हथियार लेकर दरवाजा तोड़कर उसके घर में घुस आए और परिवार वालों को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। तहरीर के आधार पर सुभाष नगर पुलिस ने युवराज, मयंक और सौरभ गुप्ता समेत अन्य अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

- **हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल, सुभाष नगर की घटना**
- **पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य अज्ञात पर दर्ज की रिपोर्ट**

**सिटी ब्रीफ**

### 50 वीं बार तरावीह की नमाज में कुरान सुना रहे हैं हाफिज अनवार



**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के मशहूर हाफिज, कारी अनवार अहमद शेरी इस साल रमज़ान के मौके पर होने वाली तरावीह की नमाज़ में 50 वीं बार क़ुरान शरीफ सुना रहे हैं। इसको लेकर मोती मस्जिद में जश्न-ए-क़ुरान करीम नाम से एक प्रोग्राम आयोजित होगा। रमज़ान के महीने में तरावीह की नमाज़ में क़ुरान शरीफ सुनाया जाता है। हाफ़िज़ क़ुरान सुनाता है, और मुकतदी क़ुरान सुनते हैं। बहेड़ी के मशहूर हाफिज, कारी अनवार अहमद पिछले 50 साल से तरावीह में क़ुरान सुना रहे हैं, और इस बार मोती मस्जिद में रमज़ान की 27 वीं शब, 16 मार्च को उनकी 50वीं महराब मुकम्मल होगी।

### अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन रोटरी भवन में 10 मई को

**बरेली, अमृत विचार :** डायनेमिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी की ओर से 10 मई को रोटरी भवन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का विषय वैश्विक सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं बौद्धिक संपदा शासन की भूमिका होगा। सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधकर्ता, नीति-निर्माता, विधि विशेषज्ञ एवं तकनीकी विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह सम्मेलन भारतीय ज्ञान परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक स्तर पर उनके प्रभावी उपयोग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बौद्धिक संपदा अधिकार की भूमिका पर केंद्रित रहेगा।

### अलविदा जुमा पर अवकाश घोषित करने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा ए मुस्तफा ने रमजान के अलविदा जुमा पर अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि रमजान का आखिरी जुमा 13 मार्च को मनाया जाएगा। अगर ईद का चांद 19 मार्च को नहीं देखा तो फिर 20 मार्च को मनाया जाएगा। प्रदेश में कक्षा 9 और 11 की वार्षिक परीक्षाएं 20 मार्च तक चलेंगी जिसमें परीक्षा का समय सुबह 10:00 से दोपहर 1:30 रखा गया है। समय सारणी के अनुसार विशेष कर मुस्लिम छात्र अलविदा जुमा की नमाज नहीं पढ़ पाएंगे। अलविदा महत्वपूर्ण दिन है। मांग करते हुए कहा कि प्रदेश भर के शैक्षिक एवं सरकारी संस्थानों में इस दिन अवकाश घोषित किया जाए। उसे दिन की परीक्षा को किसी अन्य दिन आयोजित कराया जाए, जिससे मुस्लिम छात्र अलविदा की नमाज अदा कर सकें।

### यूटा 7 को टेट के विरोध में निकालेगा जुलूस

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) 7 मार्च को टेट के विरोध में मशाल जुलूस निकालेगा। अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में सील चौराहे से शहीद स्मारक पार्क तक पैदल मार्च होगा। शिक्षक शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले के नियुक्त शिक्षकों को टेट से छूट देने की मांग कर रहे हैं।

### स्टेशन के बाहर बीमार युवक की मौत

**बरेली/आंवला, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर गुरुवार सुबह एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान उसके बैग से मिले आधार कार्ड और डायरी के आधार पर रामाशंकर चौधरी (50 वर्ष) के रूप में हुई है।

# भारत के फाइनल में पहुंचते ही होली संग मनाई दिवाली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसें रोक देने वाले सेमी फाइनल मुकाबला देखने को लोगों में रहा जबरदस्त क्रेज
- शहर के लोगों ने जमकर की आतिशबाजी, एक-दूसरे को अबीर लगाकर दी बधाई

**अमृत विचार:** विश्व कप टी-20 में भारत और इंग्लैंड के बीच वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए सांसें रोक देने वाले सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम के जीत हासिल करते ही शहर में जोरदार आतिशबाजी हुई। भारतीय टीम के फाइनल में पहुंचते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर जमकर बधाई दी। अबीर भी लगाया और गुलाल उड़ाकर जमकर थिरके।

टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमी फाइनल में भारत के 253 के चुनौतीपूर्ण स्कोर के जवाब में जब इंग्लैंड ने आतिशी बल्लेबाजी शुरू की तब लोगों की सांसें रुक गईं। इंग्लैंड की पारी 15वें ओवर तक पहुंचते भारतीय टीम के प्रशंसक निराश होने लगे थे। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने विकेट निकाल कर मैच भारत की झोली में लाकर डाल दिया और टीम इंडिया के प्रशंसक झूम उठे। भारत की जीत तय होते ही शहर के प्रमुख चौराहों कुतुबखाना और नोवेल्टी पर युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में तिरंगा लिए क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते नजर आए। सिविल लाइंस, डीडीपुरम और अन्य इलाकों में आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला। कई स्थानों पर युवाओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। कोहाड़ापीर और बारादरी क्षेत्र में भी लोगों ने बड़े उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया। शहर में कई जगह पर भारतीय टीम के फाइनल में गुलाल उड़ाते हुए जमकर जश्न मनाया। खूब थिरके और गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले को लेकर शहरवासियों का उत्साह बढ़ गया है।



टीवी पर भारत और इंग्लैंड के बीच हो रहे मैच को देखते क्रिकेट प्रेमी।

### होली समरसता व भाईचारे का प्रतीक



होली मिलाप मेले में मौजूद अपना दल (सोनेलाल) के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (सोनेलाल) ने गुलाब राय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में सक्रिय सहभागिता की।

जिलाध्यक्ष अनुज गंगवार ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सतीश गंगवार, सतीश ऋषिवाल, अतुल पटेल, अजय गंगवार, मनीष कुमार, विजय गुप्ता, गोपेंद्र पाल, योगेंद्र पटेल, रामकृष्ण गंगवार, नरपत कश्यप, मोहम्मद उमर उर्फ गामा, शमशेर सिंह आदि मौजूद रहे।

# होली मिलाप मेला में गले मिलकर दिया भाईचारे का संदेश

## दि हिंदू सोशल सर्विस ट्रस्ट की ओर से होली की शाम गुलाब राय इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित हुआ मेला, उत्साहित दिखे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने लगाए अपने शिविर
- एक-दूसरों के शिविर में पहुंच कर गर्मजोशी से मिले लोग दी बधाई

**अमृत विचार :** दि हिंदू सोशल सर्विस ट्रस्ट की ओर से होली के अवसर पर बुधवार की शाम गुलाब राय इंटर कॉलेज मैदान में होली मिलाप मेला आयोजित किया गया। इस मेले में भाजपा, सपा, बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के साथ, धार्मिक, सामाजिक और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई देते हुए भाईचारे का संदेश दिया। मेले में सभी संगठनों और राजनीतिक दलों के अलग-अलग शिविर लगे थे, लेकिन आपसी प्रतिद्वंद्विता छोड़कर शिविर से बाहर निकल कर एक-दूसरे से बेहद गर्मजोशी के साथ गले मिले।

मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने दि हिंदू सोशल सर्विस ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मौजूदगी में फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। संतोष गंगवार ने प्रत्येक शिविर में पहुंचकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। शिविर में व्यापारी, उद्यमी, डॉक्टर, धार्मिक संस्थाएं, बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति, ब्रह्माकुमारी, माहेश्वरी समाज समेत तमाम सामाजिक वर्गों ने भी शिविर लगाए।

वहीं, बाबा त्रिवटीनाथ मन्दिर के शिविर पर राज्यपाल संतोष गंगवार, वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक कैंट संजीव अग्रवाल, सांसद छत्रपाल सिंह, आंवला भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, गुलशन आनंद, आरएसएस के मयंक साधू, श्रुति गंगवार आदि का मंदिर सेवा समिति के प्रताप चन्द्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, प्रेम शंकर अग्रवाल, अनुपम कपूर, नवीन गोयल ने स्वागत कर बाबा का दिव्य चंदन लगाकर प्रसाद वितरण किया।

मां गंगा बचाओ वेलफेयर सोसाइटी/ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल, वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. रजनीश सक्सेना ने संरक्षक अनुपम कपूर एवं सीएल शर्मा के संरक्षण में शिविर लगाया। 80 वें होली मिलाप मेले में श्री गंगा गौ बेटी पर्यावरण बचाओ देश बचाओ के साथ रक्तदान महादान के प्रति जागरूक करते हुए संकल्प दिलाया। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ केशव कुमार अग्रवाल ने मेले में गणमान्य नागरिकों के साथ विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। कई शिविरों पर डॉ. केशव कुमार अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

होली मिलाप मेले में भाजपा के बरेली जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. विमल भारद्वाज, अतुल कपूर, व्यापारी नेता सुनील खत्री, मनोज देवल, डॉ. पवन सक्सेना, सपा नेता डॉ. अनीस बेग, सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पंडित रामगोपाल मिश्रा, बंटी ठाकुर, रोहित राकेश, अंकित माहेश्वरी, निर्भय गुर्जर, विशाल गुप्ता सैकड़ों की संख्या में शहर के गणमान्य लोगों ने मेले में एक-दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। वहीं, क्षत्रिय महासभा ने होली मिलाप मेला में शिविर लगाया। पदाधिकारियों ने गले मिलकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। प्रधान महासचिव आलोक चौहान संघर्षी, मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, जगदीश सिंह, नरेंद्र सिंह पंवार, देवेन्द्र सिंह, विजय सिंह सेंगर, मयंक सिंह, राकेश रावत आदि मौजूद रहे।



होली मिलाप मेले का उद्घाटन करते झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, साथ में अन्य लोग। • अमृत विचार



मेले में वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, श्रुति गंगवार व अन्य। • अमृत विचार



मेले में पूर्व मेयर डॉ. आईएस तोमर से होली मिलते मेयर उमेश गौतम।



होली मेले में मौजूद सपा नेता। • अमृत विचार

# सेटेलाइट बस स्टैंड की बदहाली पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मुख्यालय से आए प्रधान प्रबंधक ने क्षेत्रीय कार्यशाला का भी निरीक्षण किया
- सभी बसों को ऑन रोड करने के आदेश, सुरक्षा और सफाई पर रहा फोकस

**अमृत विचार :** मुख्यालय से आए रोडवेज के प्रधान प्रबंधक (तकनीकी) नोडल अधिकारी आरबी लाल शर्मा ने गुरुवार को सैटेलाइट बस स्टैंड और क्षेत्रीय कार्यशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस अड्डे की सफाई और शौचालयों की बदहाली पर नाराजगी जताई। टूटा हुआ फर्श देखकर एआरएम को तुरंत सुधार कराने के आदेश दिए। अधिकारियों से कहा कि बस स्टैंड में चल रहे काउंटर और स्टॉल केवल आवंटित स्थान पर ही संचालित हों, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। कूरियर सेवा के संचालन के लिए भी सख्त नियम दिए गए कि सभी पार्सल की जांच अनिवार्य होगी और प्रतिबंधित सामग्री बसों में नहीं रखी जाएगी।

सेवा प्रबंधक मो. अजीम से कहा कि सभी बसों को ऑनरोड करने के लिए प्रत्येक डिपो और क्षेत्रीय कार्यशाला में पर्याप्त पूल असेम्बली उपलब्ध रखी जाए। रोडवेज बसों को मार्ग पर भेजने से पहले उनकी सफाई-धुलाई, तकनीकी और भौतिक जांच अनिवार्य रूप से कराने और चालक व परिचालकों की नियमित काउंसलिंग व स्वास्थ्य परीक्षण जोर दिया। कार्यशाला में वाहनों की मरम्मत और अन्य महत्वपूर्ण कार्य समय से पूरे करने के लिए दैनिक समीक्षा करने का भी आदेश दिया। इसके साथ ही खटारा और एक्सिडेंटर बसों की मरम्मत कराकर संबंधित डिपो को भेजने का निर्देश सेवा प्रबंधक को दिया।

नोडल अधिकारी ने कहा कि पहले भी रोडवेज बसों की खराब स्थिति को लेकर यात्रियों और कर्मचारियों की शिकायतें सामने आई हैं। अधिकारियों से साफ कहा कि समय पर सभी बसों को ऑनरोड करना, कार्यशाला में मरम्मत प्रक्रिया का सख्ती से पालन करना और यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक परिवहन सेवा देना शासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान आरएम दीपक चौधरी के अलावा बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव, रुहेलखंड डिपो के एआरएम अरुण वाजपेयी मौजूद रहे।



सैटेलाइट बस अड्डे का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी आरबी लाल शर्मा। • अमृत विचार

## सिटी डायरी

### होली मिलन समारोह में व्यापारियों का हुआ सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल के अध्यक्ष गौरव सक्सेना के नेतृत्व में कटरा मानराय स्थित बड़ा बाजार मेन गली में व्यापारी पुनीत भसीन के प्रतिष्ठान पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। व्यापारियों ने एक-दूसरे को तिलक लगा और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। संगठन के सक्रिय पदाधिकारियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में दिलीप खुराना, चेतन गुजराल, शिवम सक्सेना, केतन अरोड़ा, अंकित खंडूजा और पुनीत अनेजा शामिल रहे। अन्य सदस्यों को होली पटका पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें अमित कंचन, आकाश शर्मा, ललित मिगलानी, अनिल खेड़ा, सत्यम सक्सेना, नवीन राजपूत, शिशिर श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, गगनदीप सोनकर और पुनीत अग्रवाल प्रमुख रहे। अमित कंचन, आकाश शर्मा, ललित मिगलानी, अनिल खेड़ा, सत्यम सक्सेना, नवीन राजपूत, शिशिर श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, गगनदीप सोनकर, पुनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज ने अलंकार अग्निहोत्री का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** सिटी मजिस्ट्रेट पद से इस्तीफा दे चुके निलंबित पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री अपनी पार्टी की घोषणा करने के बाद गुरुवार की शाम बरेली पहुंचे। ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। बदायूं रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के पंजीकरण के लिए कागजी कार्यवाही चल रही है। दावा किया कि उनकी पार्टी को लोगों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। अग्निहोत्री ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने लखनऊ में जनप्रतिनिधियों के बहिष्कार और केंद्र सरकार द्वारा लाए काले कानूनों का जिक्र किया। अग्निहोत्री ने शंकराचार्य पर लगाए गए आरोपों का भी जिक्र करते हुए कहा कि 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने शंकराचार्य पर अनर्गल आरोप लगाए थे। इस मामले में कोर्ट ने शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। उनकी पार्टी अपनी स्थिति और वोट बैंक के आधार पर हर तरह के गठबंधन के लिए भी तैयार है।

### होली मिलाप मेले में कांग्रेसियों ने लगाया कैंप, दी एक-दूसरे को बधाई




**बरेली, अमृत विचार :** गुलाब राय इंटर कॉलेज में आयोजित होली मिलन समारोह में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिनेश दादा के नेतृत्व में कैंप लगाया गया। जहां कांग्रेस नेताओं ने लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, अजय शुक्ला, असलम चौधरी, पारस शुक्ला, केबी त्रिपाठी, केके शर्मा, पंकज उपाध्याय, विनोद कुमार, रेहान बसेड़ी, महेश पंडित, आशीष रुस्तम, मुजम्मिल हसन, तीरथ मधुकर, रमेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कुल शरीफ की रस्म अदा, मांगी देश में तरक्की की दुआ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सिविल लाइन स्थित मस्जिद नौमहला शरीफ में दरगाह नासिरी पर 121 वां उर्स शानो-शौकत के साथ मनाया जा रहा है। दरगाह पर सहरी हुई। फज्र की नमाज के बाद कुरआन की तिलावत हुई। दरगाह के सज्जादानशीन ख्वाजा सुल्तान अहमद नासिरी ने अकीदतमंदों के हक में दुआ की।

गुरुवार शाम महफिले समा में फनकारों ने कलामों के जरिये बुजुर्गों की रूहानी शख्सियत को बयां किया। अकीदतमंदों ने दरगाह पर गुलपोशी-चादरपोशी कर दुआएं मांगीं। असर-मगरिब के दरम्यान नासिर मियां के कुल की रस्म अदा की गई। ख्वाजा सुल्तान अहमद नासिरी ने मुल्क और आवाम की सलामती, तरक्की व भाईचारा की दुआ की।

दरगाह प्रवक्ता पम्मी खान वारसी ने सूफियाना महफिल में सादगी पर जोर दिया। कहा कि शादियों में फिजूलखर्ची से बचने की जरूरत है। बच्चों की तालीम और जरूरतमंदों की मदद करें। मगरिब में सामूहिक रोजा इफ्तार का दस्तरख्वान सजा। नमाज के बाद रंग की महफिल हुई। इसी के साथ तीन रोजा उर्स समाप्त हो गया। नायब सज्जादानशीन ख्वाजा सलमान अहमद नासिरी, ख्वाजा शायान हसन नासिरी, ख्वाजा वसीम अहमद नासिरी, सूफी वसीम मियां नासिरी साबरी, साबिर नासिरी, शाहिद रजा नूरी, फहीमयार खां, सरबत अली, सलमान, मोहम्मद शाहिद कुरैशी आदि मौजूद रहे।



रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में शामिल हुए अकीदतमंद। • अमृत विचार

### कुरान मुकम्मल होने का जश्न मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** खन्नू मुहल्ले की दादा मियां मस्जिद में 14 वें रमजान को कुरआन मुकम्मल होने का जश्न मनाया गया। मस्जिद के इमाम मुफ्ती आजम मंजरी को मुबारकबाद पेश की गई। कुरान मुकम्मल होने के जश्न में उलमा ने इस मुबारक महीने की अजमत बयान की। मुफ्ती सलीम नूरी, हाजी नौशाद अली खां, डॉ. परवेज नूरी, डॉ. वसी अनवर, पम्मी वारसी, हाजी शाहबाज खान, सय्यद अर्सलान अली, जफर अनवर आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आंवला पुलिस ने मूक बधिरों को बांटे फल

बरेली/आंवला अमृत विचार : पुलिस द्वारा गुरुवार को थाना आंवला पर प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह द्वारा पुलिस स्टाफ के साथ वृद्धाश्रम व मानसिक मन्दित आश्रय आंवला से बुजुर्गों व मूकबधिर को सम्मानपूर्वक वाहन से बुलवाकर गुलाल, रंग लगाते हुए होली त्यौहार मनाया गया एवं प्रसाद, फल, मिष्ठान, उपहार भेट कर साथ में भोजन किया गया । सभी को सम्मानपूर्वक वाहन से वापस वृद्धाश्रम कस्बा आंवला व मानसिक मन्दित आश्रय आंवला छुड़वाया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक आंवला के साथ थाने का समस्त पुलिस बल व सम्मानित सदस्यगण मौजूद रहे तथा एसडीएम आंवला बिदुषी सिंह भी मौजूद रही।

### हनुमान शाखा पार्क में होली उत्सव मनाया

बरेली, अमृत विचार : संत रविदास सेवा समिति की ओर से बुधवार को वीरसावरकर नगर में हनुमान शाखा पार्क में होली उत्सव मनाया गया। कॉलोनी के लगभग 80 परिवार सम्मिलित हुए। अजय अग्रवाल, मयंक गोयल, संजय शुक्ला, आशीष अग्निहोत्री, शुभ राठौर, कोमल चंदानी, इंदु सक्सेना, दिव्या गोयल, सरिता शुक्ला उपस्थित रहे।

### शान्ति और सद्भाव के साथ धूमधाम से मनाई होली

बरेली/शीशगढ़, अमृत विचार : कस्बा व देहात क्षेत्र में बुधवार को रंगों का त्यौहार रंगोत्सव धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाया। हुरियारों की टोली में युवक जगह जगह डीजे पर जमकर नाचते गाते दिखाई दिए। ब्रह्म मुहूर्त में होलिका दहन होने पर लोगों ने जलती होलिका में गोला, कपूर, तिल, लौंग आदि के साथ जौ की बालियों को अर्पण किया। तत्पश्चात रंगोत्सव मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को जमकर रंग और गुलाल लगाया। थाने में गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने रंग गुलाल लगाकर जमकर होली मनाई।

# पुलिस वालों की होली में जमकर थिरके एसएसपी, लगे ठुमके

## दिखा उल्लास : पुलिस अफसरों और कर्मियों ने मनाया होली का जश्न, एडीजी, डीआईजी, डीएम और एसएसपी ने किया डांस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शांतिपूर्ण ढंग से राम बरात और होली त्योहार संपन्न होने के बाद पुलिस अधिकारी और कर्मी गुरुवार को होली के रंग में रंगे नजर आए। एसएसपी अनुराग आर्य ने चुम्मा-चुम्मा गाने पर जमकर डांस किया। महिला आईपीएस अधिकारी ने जोरदार डांस किया। अफसरों के डांस के वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। पुलिस लाइन से शुरू हुआ होली उल्लास डीएम आवास, डीआईजी आवास होते हुए एडीजी कार्यालय पर जाकर समाप्त हुआ।

पुलिस लाइन में होली मनाकर एसएसपी अनुराग आर्य अपनी टीम के साथ डीएम आवास पर पहुंचे। यहां एसएसपी, एसपी सिटी मानुष पारीक समेत कई अधिकारियों ने डीएम के साथ होली खेली। हंसी-मजाक और रंगों के बीच यहीं से अफसरों की होली का सिलसिला शुरू हुआ। उसके बाद जिलाधिकारी संग सभी अधिकारी डीआईजी अजय साहनी के आवास पर पहुंचे।

डीआईजी आवास पर डीएम-एसएसपी पहुंचे तो डीआईजी बाहर नहीं आए। उसके बाद एसएसपी ने गाना गाया कि बाहरों फूल बरसाओ, मेरा महबूब आया है। डीआईजी के बाहर आने के बाद यहां भी रंग-गुलाल उड़ाया गया और एक-दूसरे को होली की बधाई दी गई। इसके बाद कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी आवास पर भी अधिकारियों का जमावड़ा लगा। इसके बाद सभी अधिकारी एडीजी रमित शर्मा के आवास पहुंचे, जहां पुलिस कर्मियों के लिए विशेष होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। ढोल, डीजे के बीच पुलिस अफसर और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का जश्न मनाया। एसएसपी एडीजी आवास में खेली जा रही होली के दौरान चुम्मा-चुम्मा गाने पर जमकर थिरकते नजर आए। डांस के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। उन्होंने पंजाबी, हरियाणवी गानों के साथ हिंदी गीतों पर भी धमाल मचाया। एसएसपी के साथ पुलिसकर्मियों ने भी जमकर डांस किया। वहीं, डीएसपी संदीप ने सिर पर गिलास रखकर डांस किया। जिसे देख सभी अधिकारी और कर्मचारी ठहाके लगाते नजर आए।

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा, एसपी यातायात अकमल खान आदि पुलिस अधिकारियों ने होली के गीतों पर डांस किया। आईपीएस अधिकारी सोनाली मिश्रा व अंजना दहिया के साथ अंशिका वर्मा की जुगलबंदी ने भी लोगों को कदम थिरकने पर मजबूर कर दिया। कई घंटे चले उल्लास में बरेली की होली सोशल मीडिया पर छाई हुई है।



होली पर डीआईजी आवास पर डांस करते एसएसपी अनुराग आर्य, साथ में अन्य अफसर। अमृत विचार



एडीजी आवास पर होली खेलते एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी, डीएम, एसएसपी व अन्य अफसर। ● अमृत विचार

### होली की रही धूम, दिन निकलते ही उड़ा गुलाल, बरसा रंग



बरेली, अमृत विचार : रंगों का पर्व होली बुधवार को शहरभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया। जगह-जगह लोगों ने होलिका दहन के दौरान पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही लोगों ने रंग-गुलाल के साथ होली खेलनी शुरू कर दी। शहर की सड़कों और मोहल्लों में रंगों की बौछार के बीच लोगों की खुशियां साफ नजर आईं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी होली के रंग में रंगे दिखाई दिए। शहर के पॉश इलाके राजेंद्र नगर, डीडीपुरम और रामपुर गार्डन में भी लोगों ने अपने घरों और कॉलोनियों में जमकर होली का जश्न मनाया। इस दौरान युवाओं की टोलियां डीजे पर होली के गीतों पर देर तक थिरकती रहीं। पूरे शहर में होली के दिन खुशी, आपसी भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर खुशियां बांटी और पर्व की खुशियां साझा कीं।



सिर पर गिलास रख कर डांस करते सीओ संदीप सिंह, साथ में अन्य अफसर।



होली के जश्न को कैमरे में भी कैद किया। ● अमृत विचार



संजय नगर में होली खेलते लोग। ● अमृत विचार

### चढ़ा रंगों का खुमार, खूब की मस्ती



बरेली : किला छावनी में लोगों पर रंगों का खुमार देखने को मिला। मान सिंह ने बताया कि कॉलोनी के लोग वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार एक साथ होली का पर्व मनाते हैं।

# होली की खुमारी सरकारी दफ्तरों में भी छाई रही



कार्यालय में डीएसटीओ की कुर्सी खाली। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● गुरुवार को कई विभागों में गिने-चुने अधिकारी और कर्मचारी दिखे

अमृत विचार : होली के त्योहार का असर अगले दिन यानी गुरुवार को सरकारी दफ्तरों में साफ देखा गया। नगर निगम, विकास भवन समेत अन्य कार्यालयों में कामकाज सुस्त रहा। कई अधिकारी और कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं पहुंचे, जबकि कुछ अवकाश पर थे। दोपहर तक अधिकांश कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया।

नगर निगम में दोपहर के समय पर्यावरण अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता समेत कई अधिकतर अधिकारी नदारद रहे। वहीं विकास भवन में भी डीडीओ, पीडी, डीआरडीए और डीएसटीओ उपस्थित नहीं थे। दफ्तरों में अफसरों की उपस्थिति कम होने के कारण फाइलों का निस्तारण धीमा रहा। हालांकि, कुछ अफसर कार्यालय में नजर आए, जिनमें डीपीआरओ, डीपीओ, कृषि अधिकारी, डीसी मनरेगा आदि शामिल थे। डीआईओएस दफ्तर में भी सुबह समय से अधिकारी नहीं पहुंचे। कर्मचारियों की संख्या भी काफी कम रही। पीडब्ल्यूडी कार्यालय में भी केवल गिने-चुने अधिकारी व कर्मचारी ही उपस्थित थे। इस दौरान मौजूद कर्मी एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते दिखाई दिए।

## दावा-आपत्तियां और नाम जोड़ने का आज अंतिम दिन

बरेली, अमृत विचार : यदि आपने एसआईआर में अपना नाम जोड़ने, नाम में संशोधन करने या दावा आपत्तियों के लिए फार्म नहीं भरा है तो आज ही भर दें, 6 मार्च के बाद किसी को ये फार्म भरने का मौका नहीं मिलेगा। विधानसभा निर्वाचक नामावली के (विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण) के दूसरे चरण में मतदाताओं के लिए फार्म 6, फार्म- 7 और फार्म- 8 भरने का आज अंतिम मौका है। दावा-आपत्तियां शुक्रवार के बाद नहीं दे सकेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग की 6 मार्च तक दावा आपत्तियां देने की मोहलत समाप्त हो रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने उन लोगों से फार्म भरने की अपील की है जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल, संशोधन होना है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक फार्म 6 के 260692 फार्म सभी तहसीलों में भरे गए हैं। जबकि नाम कटवाने के लिए 6251 फार्म-7 भरे गए हैं, जबकि 69451 लोगों ने अपने नाम या पते में संशोधन करने के लिए फार्म-8 भरे हैं।

# परंपरा : एक होली...एकता में बंधी और रंगों से सजी



गांव में सामूहिक रूप से आखत डालने के लिए एकत्र हुए ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● गौसगंज में एक साथ डाले जाते हैं आखत

अमृत विचार : जिले के आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के गांव गौसगंज में आधुनिकता के इस दौर में भी ग्रामीण एक ही होली स्थल पर सामूहिक रूप से इकट्ठे होकर आखत डालते हैं। पुरखों की परंपराओं को बरसों से ग्रामीण निभाते चले आ रहे हैं। यह परंपरा सामाजिक समरसता और एकता का संदेश देती है।

इस गांव में 150 से अधिक घर हैं। करीब 1 हजार आबादी है। यहां होली के दिन शाम के समय गांव का प्रत्येक परिवार गांव के होली स्थल पर एकत्रित होना शुरू हो जाता है। सभी के इकट्ठे होने पर सामूहिक रूप से आखत डालने की परंपरा निभाई जाती है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि गांव में अब आबादी बढ़ जाने से और होली स्थल के पास मकान बन जाने के कारण होली स्थल पर जगह का अभाव हो गया है। लेकिन फिर भी गांव वासी सामूहिक रूप से होलिका दहन और आखत डालते हैं। गांव के पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव की यह परंपरा गांव में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण मानी जाती है। आयोजन में राधे श्याम मास्टर, राजाराम सिंह, तुलाराम सिंह, सत्यपाल सिंह, नरसिंह, धर्मपाल सिंह आदि का सहयोग रहता है।

## सिटी डायरी



### आईएमए भवन में रंग भरी होली का किया गया आयोजन


बरेली, अमृत विचार : आईएमए की ओर से होली पर गुरुवार को आईएमए भवन में रंग भरी होली कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पदाधिकारियों और सदस्यों ने रंगों और संगीत के साथ पर्व मनाया। पूल पार्टी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी डॉक्टरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी डॉक्टरों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, सांस्कृतिक चेयरपर्सन डॉ. सुविधा महार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. सुमित मेहरा, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. रजनीश पटेल, डॉ. मनीष टंडन, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. ममता गंगवार, डॉ. मोनिका अवस्थी आदि उपस्थित रहे।



### होली मिलन मेले में लोगों ने जमकर की मस्ती और खरीदारी

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज में होली मिलन मेले का सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बुधवार को उद्घाटन किया। मेले में खाने-पीने के स्टॉल और बच्चों के खिलौने के साथ अन्य उत्पाद के भी स्टॉल थे। 10 बड़े झूले भी लगाए गए। सीओ द्वितीय अंजनी कुमार तिवारी, सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप चतुर्वेदी, हरिहर कमेटी के अध्यक्ष वीर सिंह, उपाध्यक्ष पीसी पाठक, कोषाध्यक्ष चंद्रपाल, केपी सिंह, मोतीराम मौर्य, विनोद सिंह, रामावतार पाठक, जागरण लाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे। कुल 100 स्टॉल थे। संचालन मुकेश पांडे ने किया।

### पर्यावरण सुरक्षा के लिए जितेंद्र, अरुणा और आत्मसरन को मिला पुरस्कार



बरेली, अमृत विचार : मानव सेवा क्लब ने पॉलीथिन हटाओ, थैला अपनाओ और पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत बुधवार को होली मिलाप मेले में बड़ी संख्या में कपड़े के थैले बांटे। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी थैले बांटे। पर्यावरण सुरक्षा के लिए बेहतर काम करने के लिए जितेन्द्र कुमार सक्सेना, अरुणा सिन्हा और एएस अग्रवाल को पुरस्कृत किया। शाल और स्मृति चिन्ह क्लब संरक्षक डा. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, सांसद छत्रपाल सिंह और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने दिया। अध्यक्ष सुरेंद्र बीनू सिन्हा, महासचिव प्रदीप माधवार, सत्येन्द्र सक्सेना, प्रकाश चंद्र सक्सेना, प्रीति सक्सेना, सीए राजेन विद्यार्थी, मुकेश सक्सेना, अनिल गुप्ता, सुनील कुमार शर्मा, सुरेश बाबू मिश्रा, सुरेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



### होली मिलन समारोह में दी प्रस्तुति

बरेली, अमृत विचार : श्री राम लीला सभा सुभाष नगर में बृहस्पतिवार को 70 वां होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें 12 वर्ष तक के बच्चों की नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने नृत्य से सबका मन मोह लिया। गणेश जी, शिव-पार्वती, माता काली और राधाकृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, पार्षद शालिनी वर्मा, पार्षद सौरभ कुमार, पार्षद ब्रजेश पाल, सभा के अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव आलोक तायल, कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, अखिलेश सिंह, डॉ. अजय शर्मा, राज कुमार तिवारी, उदयवीर सिंह, ऋषभ बाजपेई, अमित भारद्वाज, प्रवीण शर्मा, श्यामदीप सक्सेना, प्रतीक शुक्ला आदि मौजूद रहे।



### हरि मंदिर में भक्तों ने ठाकुर जी के साथ खेली फूलों की होली

बरेली, अमृत विचार : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में बृहस्पतिवार को भक्तों ने ठाकुर जी के साथ फूलों से होली खेली। फाग महोत्सव के समापन पर श्री बुआ दाती संकीर्तन मंडल ने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने वृंदावन में होली खेल रहे.. भजन पर नृत्य किया। सचिव रवि छावड़ा ने मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा, कंचन अरोड़ा, रेनू छाबड़ा, नेहा आनंद, नीलम साहनी, ममता ओबेरॉय, सीमा तनेजा, श्वेता छाबड़ा, रीता बत्रा, संगीता लूथरा, सुशील अरोड़ा, अश्वनी ओबेरॉय, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार, अनिल चड्ढा, जतिन दुआ, राजेश अरोरा, विजय चढ़ा, कुल संजीव राय, अतुल कपूर आदि मौजूद रहे।

## 435 ने लगवाई एंटी रैबीज वैक्सीन



एंटी रैबीज वैक्सीन लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

बरेली, अमृत विचार : होली के दौरान शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा। रंग, भीड़ और शोर के कारण कुत्ते अधिक आक्रामक हो गए। कुत्तों के हमले की घटनाएं बढ़ गईं। बृहस्पतिवार को तीन बेड अस्पताल में एआरवी सेंटर पर 435 मरीजों को एंटी रैबीज वैक्सीन लगाई गई।

डॉ. फैसल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कुत्ते काटने के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। लेकिन, होली के आसपास ऐसे मामलों में अचानक तेजी देखी गई है। गुरुवार को कुत्ते काटने के 130 नए मरीज पहुंचे।

# भरत के लिए मांगी राजगद्दी, राम को वनवास

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

● रामलीला में कैकयी-दशरथ संवाद और वनगमन का किया मंचन

अमृत विचार : श्रीरामलीला सभा ब्रह्मपुरी की ओर से आयोजित 166 वीं रामलीला में बृहस्पतिवार को राम-सीता विवाह, कैकयी-दशरथ संवाद, कैकयी-भरत संवाद तथा वनवास लीला का मंचन किया गया।

गुरु व्यास मुनेश्वर महाराज ने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि राजा दशरथ, अयोध्या के मंत्री और प्रजा सहित जनकपुरी पहुंचे, जहां राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का विवाह संपन्न हुआ। विवाह के बाद दशरथ ने ज्येष्ठ पुत्र राम को अयोध्या की राजगद्दी सौंपने की तैयारी शुरू की, जिससे पूरे राज्य में हर्ष का वातावरण बन गया। इसी दौरान कैकयी की दासी मंथरा ने रानी को भड़काया और दशरथ से मिले दो वरदान मांगने की सलाह दी। मंथरा के प्रभाव में आकर कैकयी ने राजा दशरथ से भरत को अयोध्या का राजा बनाने और राम को 14 वर्ष के वनवास का वरदान मांगा। उन्होंने रानी को समझाने की बहुत कोशिश की। बहुत भरे मन से उन्होंने राम को वन जाने की अनुमति दी। जब भरत ननिहाल से लौटते हैं और उनको ये सब ज्ञात होता है तो वो कैकई को खूब खरी खोटी सुनाते हैं।

प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि शुक्रवार को निषाद गंगा घाट की शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा साहूकारा स्थित तुलसी गली में केवट संवाद की लीला का मंचन होगा। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने बताया कि होली के अवसर पर निकली राम बरात को भव्य बनाने में समिति के पदाधिकारियों और रामभक्तों का विशेष सहयोग रहा। विवेक शर्मा, नवीन शर्मा, अखलेश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, सुनील रस्तोगी, सर्वेश रस्तोगी, सोनू शर्मा, नीरज रस्तोगी आदि ने सहयोग दिया।